## SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2022 (ANNUAL)

**Sub.Code-122/222**

**Model Set**

**SANSKRIT (ANNUAL)**

**संस्कृत (OPT)**

**समय : 3 घंटे 15 मिनट**

**Time : 3 Hrs. 15 Minutes**

**कुल प्रश्नों की संख्या–100+5=105**

**पूर्णांक – 100**

***<u>परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–</u>***

***<u>Instructions for the candidates :-</u>***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपनी प्रश्न–पुस्तिका का क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न–पुस्तिका दो खण्डों में विभक्त है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
6. खण्ड–'अ' में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड–'ब' में कुल 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।

8. किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। [50X1=50]

1. मध्ययुग में प्रजातंत्र विधान का विकास किस देश में हुआ ?

(A) आस्ट्रेलिया (B) इंग्लैंड

(C) ईरान (D) सोवियत संघ

2. सभी शासनपद्धतियों में किसे श्रेष्ठ माना जाता है ?

(A) प्रजातंत्र (B) राजतंत्र

(C) निरंकुश–तंत्र (D) अधिनायक तंत्र

3. ''प्रजातंत्र शासन व्यवस्था जनता की, जनता के लिए तथा जनता के द्वारा बनाई जाती है।'' यह कथन किसका है ?

(A) अब्राहम लिंकन (B) जवाहरलाल नेहरू

(C) महात्मा गाँधी (D) रूजवेल्ट

4. विश्व के सर्वाधिक लोगों वाले किस एक देश में प्रजातंत्र व्यवस्था प्रचलित है ?

(A) नेपाल (B) चीन

(C) भारत (D) पाकिस्तान

5. नीति मानवों को किससे बचाती है ?

(A) सत्कर्म से (B) निन्दित मार्ग से

(C) सद्विचार से (D) पुण्य कर्म से

6. आचार्य क्षेमेन्द्र कहाँ के निवासी थे ?

(A) गुजरात (B) बिहार

(C) कश्मीर (D) झारखंड

7. विद्याहीन मानव किसके समान समझे जाते हैं ?

(A) पशु (B) महात्मा

(C) दुरात्मा (D) संन्यासी

8. शरीरस्थ महान शत्रु किसे कहा गया है ?

(A) आलस्य (B) विवेक

(C) काम (D) क्रोध

9. कल्पित पशुकथा पर आधारित पाठ का नाम क्या है ?

(A) दिवास्वप्नः (B) विभक्तिश्लोकाः

(C) प्रजातंत्रम् (D) लक्ष्यैकदृष्टिः

10. स्तम्भारोहण प्रतियोगिता किस पशुकुल में आयोजित हुई ?

(A) मण्डूक (B) सिंह

(C) कुत्ता (D) अश्व

11. धीरे–धीरे स्तम्भारोहण किसने प्रारंभ किया ?

(A) लघुकाय मण्डूक (B) भीमकाय मण्डूक

(C) प्रेक्षक मण्डूक (D) श्वेत मण्डूक

12. लघुकाय मण्डूक ने अपनी सफलता का कारण किसे बताया है ?

(A) लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास (B) निराशा

(C) आलस्य (D) भय

13. 'वृन्दा' किस वनस्पति को कहा जाता है ?

(A) तुलसी (B) आँवला

(C) हल्दी (D) नीम

14. 'मृदुर्ग्राह्या' विशेषण किस वनस्पति का है ?

(A) आर्द्रकम् (B) घृतकुमारी

(C) बिल्वम् (D) निम्बः

15. आँवला कितने दोषों का नाश करती है ?

(A) एक (B) तीन

(C) पाँच (D) सात

16. किस वनस्पति को 'पीतवर्णा' कहा गया है ?

(A) तुलसी (B) निम्ब

(C) हरिद्रा (D) घृतकुमारी

17. संवादात्मक–शैली में लिखित पाठ का शीर्षक क्या है ?

(A) प्रजातंत्रम् (B) वणिग्वैद्ययोः वार्तालापः

(C) सुभाषितानि (C) दिवास्वप्नः

18. 'वणिग्वैद्ययोः वार्तालापः' में चिकित्सक कौन हैं ?

(A) भानु (B) हरि

(C) रमेश (D) गणेश

19. दिल्ली में कौन अध्ययनरत है ?

(A) रमेश (B) सुरेश

(C) भानु (D) हरि

20. भानु के पुत्र का नाम क्या है ?

(A) सुरेन्द्र (B) महेन्द्र

(C) रमेश (D) राजकुमार

21. 'दिवास्वप्नः' पाठ किस ग्रंथ से संकलित है ?

(A) हितोपदेश (B) पंचतंत्र

(C) बृहत्कथा (D) मेघदूत

22. 'स्वभावकृपण' किस पाठ का मुख्य पात्र है ?

(A) डॉ0 राजेन्द्र प्रसादः (B) सुभाषितानि

(C) दिवास्वप्नः (D) वनस्पतिपरिचयः

23. दिवास्वप्न देखने वाले किस गति को प्राप्त करते हैं ?

(A) दुर्गति (B) प्रगति

(C) सुगति (D) मन्दगति

24. भिक्षा प्राप्त कर कौन जीवन यापन करता था ?

(A) स्वभावकृपण (B) रमेश

(C) दिनेश (D) सुरेश

25. स्वभावकृपण को सौ रूपये कैसे मिले ?

(A) सत्तू बेचकर (B) घोड़ा बेचकर

(C) गाय बेचकर (D) भवन बेचकर

26. घोड़ों को बेचकर स्वभावकृपण क्या पाता है ?

(A) सोना (B) भवन

(C) बकरी (D) गोधन

27. हानिकारक कल्पना किसकी थी ?

(A) स्वभावकृपण (B) भानु

(C) हरि (D) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद

28. 'पंचतंत्रम्' की रचना किसने की ?

(A) विष्णुशर्मा (B) अमर सिंह

(C) समर सिंह (D) नारायण पंडित

29. मूल पंचतंत्र का पहला अनुवाद किस भाषा में हुआ ?

(A) जापानी (B) अंग्रेजी

(C) पहलवी (D) रूसी

30. स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे ?

(A) महात्मा गाँधी (B) सुभाषचंद्र बोस

(C) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद (D) जवाहरलाल नेहरू

31. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद ने एम0 ए0 की शिक्षा किस विश्वविद्यालय से पाई ?

(A) पटना विश्वविद्यालय (B) कलकत्ता विश्वविद्यालय

(C) दिल्ली विश्वविद्यालय (D) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय

32. 'टी0 के0 घोष एकेडमी' से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद ने किस परीक्षा को उत्तीर्ण किया ?

(A) प्रवेशिका (B) स्नातक

(C) स्नातकोत्तर (D) एम0 एल0

33. चम्पारण आंदोलन कब हुआ ?

(A) 1917 ई0 (B) 1925 ई0

(C) 1930 ई0 (D) 1947 ई0

34. 'बिहार गौरव' के रूप में किसका सम्मान किया जाता है ?

(A) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद (B) सुभाषचंद्र बोस

(C) सरदार वल्लभभाई पटेल (D) महात्मा गाँधी

35. 'संमोह' का कारण क्या है ?

(A) लोभ (B) आलस्य

(C) क्रोध (D) दीर्घसूत्रता

36. मृग किसके संसर्ग में रहना चाहता है ?

(A) मृग के (B) व्याघ्र के

(C) गाय के (D) मूर्ख के

37. उद्यमी की सहायता कौन करते हैं ?

(A) देवता (B) दानव

(C) मूर्ख (D) मुनि

38. विद्या किसे प्राप्त नहीं होती है ?

(A) आलसी (B) क्रोधी

(C) निर्धन (D) लोभी

39. मणि कहाँ पाया जाता है ?

(A) पर्वत में (B) वृक्ष में

(C) हाथी में (D) साधु में

40. सज्जन की विद्या किसके लिए होती है ?

(A) दान (B) ज्ञान

(C) रक्षा (D) कलह

41. 'गच्छत्' का सप्तमी विभक्ति एकवचन में रूप है –

(A) गच्छन् (B) गच्छतः

(C) गच्छति (D) गच्छता

42. 'गुरुषु' किस विभक्ति का रूप है ?

(A) षष्ठी (B) सप्तमी

(C) तृतीया (D) पंचमी

43. 'रमा' शब्द का तृतीया विभक्ति बहुवचन में रूप है –

(A) रमाभ्यः (B) रमाभिः

(C) रमाम् (D) रमाः

44. 'नद्याम्' किस विभक्ति का रूप है ?

(A) षष्ठी (B) सप्तमी

(C) चतुर्थी (D) पंचमी

45. 'एतासु' का मूलरूप क्या है ?

(A) तत् (B) एतत्

(C) यत् (D) इदम्

46. 'चतस्रः' का क्या अर्थ है ?

(A) तीन (B) चार

(C) पाँच (D) सात

47. 'दद्यात्' किस लकार का रूप है ?

(A) लट् (B) विधिलिङ्

(C) लोट्  (D) लृट्

48. 'हरति' पद में मूलधातु है –

(A) हृ  (B) हर्

(C) हरय्  (D) हिर्

49. 'नश्यतु' किस लकार का रूप है ?

(A) लोट्  (B) लट्

(C) लृट्  (D) लङ्

50. 'इच्छामः' किस धातु से निष्पन्न रूप है ?

(A) श्रु  (B) इष्

(C) तुद्  (D) आप्

51. 'कथ्' (कहना) धातु का लट्लकार प्रथम पुरुष एकवचन है –

(A) कथति  (B) कथयति

(C) कथसि  (D) कथयन्ति

52. 'भी' धातु का अर्थ होता है ?

(A) देना  (B) सोना

(C) डरना  (D) पढ़ना

53. 'त्रिफला' किस समास का उदाहरण है ?

(A) अव्ययीभाव  (B) द्विगु

(C) द्वन्द्व  (D) बहुव्रीहि

54. 'नवनीतकोमलम्' किस समास का उदाहरण है ?

(A) कर्मधारय  (B) द्विगु

(C) नञ् (D) अव्ययीभाव

55. 'नञ् समास' का उदाहारण निम्न में कौन–सा है ?

(A) अमोघः (B) कृष्णसर्पः

(C) पंचवटी (D) वाक्पटुः

56. 'शास्त्रनिपुणः' का समास विग्रह क्या है ?

(A) शास्त्रेषु निपुणः (B) शास्त्रः निपुणः

(C) शास्त्रेण निपुणः (D) शास्त्रस्य निपुणः

57. 'राजपुरुषः' का समास विग्रह क्या है ?

(A) राज्ञः पुरुषः (B) राजानम् पुरुषः

(C) राज्ञा पुरुषः (D) राजनः पुरुषः

58. 'बहुव्रीहि समास' का उदाहरण निम्न में कौन–सा है ?

(A) दिगम्बरः (B) अनागतः

(C) धर्मार्थौ (D) उपगंगम्

59. 'अहिनकुलम्' किस समास का उदाहरण है ?

(A) द्वन्द्व (B) तत्पुरुष

(C) अव्ययीभाव (D) द्विगु

60. 'द्वन्द्व समास' का उदाहरण है –

(A) रामकृष्णौ (B) शूलपाणिः

(C) नास्तिकः (D) सप्ताहः

61. 'विद्यालयः' किस समास का उदाहरण है ?

(A) तत्पुरुष (B) द्विगु

(C) द्वन्द्व (D) नञ्

62. कर्मधारय समास का उदाहरण है –

(A) नीलकमलम् (B) कालिदासः

(C) गुडमिश्रः (D) यूपदारु

63. 'निकषा' (समीप) के योग में किस विभक्ति का प्रयोग किया जाता है ?

(A) तृतीया (B) द्वितीया

(C) प्रथमा (D) चतुर्थी

64. 'सः मासं व्याकरणम् अधीते।' में रेखांकित मासं पद में द्वितीया विभक्ति विधायक सूत्र है –

(A) कर्मणि द्वितीया (B) तथायुक्तं चानीप्सितम्

(C) कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे (D) क्रियाविशेषणे द्वितीया

65. 'अनुक्ते कर्तरि तृतीया' सूत्र का उदाहरण वाक्य है –

(A) रामः बाणेन रावणं हतवान्। (B) विप्रेण पण्डितेन भूयते।

(C) त्वं लतया सह तिष्ठ। (D) श्रमेण धनं भवति।

66. 'छात्राः .......... सह भ्रमणाय गच्छन्ति।'' रिक्त स्थान की पूर्ति किस पद से होगी ?

(A) गुरोः (B) गुरुणा

(C) गुरुम् (D) गुरवे

67. 'संप्रति ............ विना न सफलता।'' वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति किस पद से होगी ?

(A) परिश्रमम् (B) परिश्रमस्य

(C) परिश्रमे (D) परिश्रमोः

68. 'भिक्षुकः ............ बहिः अस्ति।' वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति किस पद से होगी ?

(A) देवालयम् (B) देवालयात्

(C) देवालयाय (D) देवालये

69. 'स्पृहा' (अभीष्ट) के योग में किस विभक्ति का प्रयोग किया जाता है ?

(A) चतुर्थी (B) पंचमी

(C) षष्ठी (D) सप्तमी

70. 'पश्चात्' (पीछे) के योग में किस विभक्ति का प्रयोग किया जाता है ?

(A) पंचमी (B) सप्तमी

(C) द्वितीया (D) चतुर्थी

71. 'आधारोऽधिकरणम्' सूत्र का उदाहरण वाक्य है –

(A) पात्रे अस्ति जलम्। (B) बालकः मातरि स्निह्यति।

(C) बालानां रोदनं बलम्। (D) कवीनां कालिदासः श्रेष्ठः।

72. 'बालकः ........... बिभेति।' वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति किस पद से होगी ?

(A) सिंहस्य (B) सिंहात्

(C) सिंहम् (D) सिंहेन

73. 'अद्याहम्' का संधि–विच्छेद क्या होगा ?

(A) अद्य + आहम् (B) अद्य + अहम्

(C) अद्या + आहम् (C) अद्य + आहम्

74. 'ष्टुत्व संधि' का उदाहरण निम्न में कौन–सा है ?

(A) आकृष्टः (B) दिग्गजः

(C) पावकः (D) विद्यालयः

75. 'गृहादागतः' का संधि–विच्छेद क्या होगा ?

(A) गृहात् + आगतः (B) गृहाद् + आगतः

(C) गृहा + दागतः (D) गृहादा + गतः

76. गुणसंधि का उदाहरण निम्न में कौन–सा है ?

(A) परोपकारः (B) लोकापवादः

(C) नयनम् (D) जलौघः

77. पूर्वरूप संधि का उदाहरण निम्न में कौन–सा है ?

(A) वनेऽस्मिन् (B) वागीशः

(C) दिग्गजः (D) जगन्नाथः

78. 'पयोधरः' में कौन सी संधि प्रयुक्त है ?

(A) स्वर संधि (B) व्यंजन संधि

(C) विसर्ग संधि (D) इनमें से कोई नहीं

79. उत् + लसितः की संधि क्या होगी ?

(A) उल्लसितः (B) उत्लसितः

(C) उललसितः (D) उद्लसितः

80. 'नमस्ते' का संधि–विच्छेद क्या होगा ?

(A) नमः + ते (B) नम + तै

(C) नम + ते (D) नमः + ष्ते

81. 'आरब्धवन्तः' पद में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?

(A) आर् (B) आ

(C) आरब् (D) अर

82. 'अति' उपसर्ग का प्रयोग किस विकल्प में हुआ है ?

(A) अत्याचारः (B) अवकाशः

(C) संसारः (D) प्रकाशः

83. 'उपेक्ष्य' में प्रयुक्त उपसर्ग है –

(A) अप (B) उप

(C) अपि (D) उपे

84. 'अभि' उपसर्ग का प्रयोग किस विकल्प में हुआ है ?

(A) अभिज्ञानम् (B) अनुभवः

(C) अधिकारः (D) अपमानः

85. '............ नमः'। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित पद से करें :–

(A) सरस्वत्यै (B) सरस्वती

(C) सरस्वत्या (D) सरस्वत्याः

86. 'त्' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) दंत (B) कण्ठ

(C) तालु (D) मूर्धा

87. 'वि + अति + इ + क्तवतु' का निष्पन्न रूप है –

(A) व्यतिवान् (B) व्यतीतवान्

(C) विअतीवान् (C) वीतवान्

88. 'सञ्जातः' का प्रकृति–प्रत्यय निम्न में कौन–सा है ?

(A) सन् + जन् + क्त (B) सम् + जन् + क्त

(C) स + जान् + क्त (D) साम् + जान् + क्त

89. 'पठितुम्' अव्यय में कौन–सा प्रत्यय है –

(A) क्त्वा (B) क्तवतु

(C) तुमुन् (D) त्व

90. 'पा + क्त्वा' का निष्पन्न रूप निम्न में कौन–सा है ?

(A) पित्वा (B) पीत्वा

(C) पिबित्वा (D) पात्वा

91. 'कम्पमानः' में किस प्रत्यय का प्रयोग किया गया है ?

(A) शतृ (B) शानच्

(C) यत् (D) क्त्वा

92. 'रघु + अण्' का निष्पन्न रूप है –

(A) रघुअ (B) राघवः

(C) रेघवः (D) राघुवः

93. 'गरिष्ठः' पद में किस प्रत्यय का प्रयोग किया गया है ?

(A) ईयसुन् (B) मतुप्

(C) इष्ठन् (D) इञ्

94. 'मम + त्व' से क्या रूप निष्पन्न होगा ?

(A) मामत्व (B) ममत्वम्

(C) मामताव (D) मामतेव

95. 'कार्यः' का प्रकृति–प्रत्यय निम्न में कौन–सा है ?

(A) कृ + यत् (B) कृ + ण्यत्

(C) कृ + क्त (D) कृ + क्त्वा

96. 'इन्द्राणी' में प्रयुक्त स्त्री प्रत्यय है –

(A) ङीप्   (B) ङीष्

(C) ङीन्   (D) टाप्

97. बाल + टाप् का निष्पन्न रूप क्या होगा ?

(A) बाला   (B) बालटा

(C) बाले   (D) बालाटाप्

98. 'तपस्विनी' में किस स्त्री प्रत्यय का प्रयोग किया गया है ?

(A) ङीप्   (B) ङीष्

(C) ङीन्   (D) टाप्

99. निम्नांकित में से कौन अव्यय नहीं है ?

(A) इदानीम्   (B) लतासु

(C) तदा   (D) कथम्

100. 'इ + अ' के मेल से कौन–सा नया वर्ण बनेगा ?

(A) ए   (B) य

(C) अय   (D) ई

## खण्ड – 'ब' (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. अधोलिखित में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 8x2=16

   i. भारतीय प्रजातंत्र का प्राचीनतम रूप कहाँ पाया गया है ?

   ii. 'नीतिशतकम्' के अनुसार अपयश से श्रेयस्कर क्या है ?

   iii. जीवन में सुभाषित वाक्यों का क्या महत्त्व है ?

iv. 'नीम' वनस्पति की क्या उपादेयता है ?

v. 'निघण्टु' एवं 'वृक्षायुर्वेद' में किसका अध्ययन किया जाता है ?

vi. 'अमरकोश' के वनौषधि वर्ग में किसका विस्तृत उल्लेख किया गया है ?

vii. बढ़ती महँगाई पर व्यापारी भानु के क्या विचार हैं ?

viii. सत्तू बेचकर प्राप्त धनराशि से स्वभावकृपण किसे खरीदने की योजना बनाता है ?

ix. 'चतु:शाल भवन' कैसा होता है ?

x. 'पंचतंत्र' के प्रत्येक खण्ड की क्या विशेषता है ?

xi. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालें।

xii. स्वतंत्रता–संग्राम में डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के योगदान को संक्षेप में लिखें।

xiii. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के बारे में सर्वत्र क्या प्रसिद्ध है ?

xiv. क्रोध से किसकी उत्पत्ति होती है ?

xv. धन प्राप्त करने के लिए क्या करना चाहिए ?

xvi. 'समानशील वालों में मित्रता होती है।'' उदाहरणसहित स्पष्ट करें।

2. अधोलिखित गद्यांशों को पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 13

अ. हिमालयः भारतस्य उत्तरस्यां दिशायां स्थितः। एषः हि संसारस्य उन्नततमः पर्वतः। माउॅण्ट ऐवरेस्ट इति हिमालयस्य उन्नततमं शिखरम्। इदं शिखरं नेपालदेशे स्थितम्। नद्यः हिमालयात् निर्गच्छन्ति देशस्य विशालं भूभागं च सिञ्चन्ति। अयं गिरिः अनेकेषां वनस्पतीनाम् अपि आलयः। अत्र अनेकाः ओषधयः जायन्ते। हिमालयस्य कानिचित्

शिखराणि सर्वं वर्षं हिमेन आच्छादितानि। पर्यटकाः अत्र हिमक्रीडानाम् आनन्दम् अनुभवितुम् आगच्छन्ति। अयं हि पर्वतानां राजा।

(i) एकपदेन उत्तरत – 2x1=2

(क) कः पर्वतानां राजा ?

(ख) हिमालयः भारतस्य कस्यां दिशायां स्थितः ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) कानि सर्वं वर्षं हिमेन आच्छादितानि ?

(ख) पर्यटकाः अत्र किमर्थम् आगच्छन्ति ?

(iii) अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं ददातु। 1

'अथवा'

भारतवर्षः कृषिप्रधानः देशः अस्ति। अत्र अनेके जनाः ग्रामेषु निवसन्ति। कृषकाः कृषि–कार्यं कुर्वन्ति अन्नानि च उत्पादयन्ति। अन्नं विना कुतः जीवनम्? कृषिकार्यं विना च कथम् अन्नानाम् उत्पादनं भवेत्? अतः ग्रामाणां कृषकाणां च महत्त्वम्। केचित् ग्रामीणाः स्वे–स्वे गृहे स्थित्वा कार्याणि कुर्वन्ति। यथा लौहकाराः लौहकार्यम् कुर्वन्ति, कुम्भकाराः घटान् रचयन्ति, तक्षकाः काष्ठेन मञ्चकान्, फलकान् आसन्दिकाः च रचयन्ति। अनेकेषु ग्रामेषु विद्युत्–सुविधा नास्ति। जलानाम् अभावे कृषिः अपि इष्टं फलं न ददाति। वस्तुतः ग्राम्य–जीवनम् अति कठिनम्। परं ग्रामीणाः अल्पेन एव संतुष्टाः भवन्ति।

(i) एकपदेन उत्तरत – 2x1=2

(क) भारतवर्षः कीदृशः देशः अस्ति ?

(ख) कः घटान् रचयति ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) तक्षकाः किं कुर्वन्ति ?

(ख) के अल्पेन एव सन्तुष्टाः भवन्ति ?

(iii) अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं ददातु। 1

ब. माता शयन–कक्षे गच्छति। सा ईश्वरं स्मरति। तत्पश्चात् सा शयनं करोति। प्रातः सा पञ्चवादने उत्तिष्ठति। सा स्नानं करोति। स्नानस्य पश्चात् सा देवस्य पूजनं करोति। सा भक्ति–गानं गायति। सा सूर्यं नमति। सा वदति– ''सूर्याय नमः।'' सूर्यः संसाराय जीवनं ददाति। अतः सूर्यः पूज्यः अस्ति।

(i) एकपदेन उत्तरत – 2x1=2

(क) माता कुत्र गच्छति ?

(ख) कः संसाराय जीवनं ददाति ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) माता कदा पूजनं करोति ?

(ख) सूर्यः किमर्थं पूज्यः अस्ति ?

अथवा

ऋषिः वाल्मीकिः महाकविः आसीत्। सः रामायणम् अरचयत्। वाल्मीकिः आदिकविः मन्यते। रामायणम् आदिकाव्यम् अस्ति। रामायणे श्रीरामस्य कथा अस्ति। श्रीरामः स्वजनकस्य दशरथस्य आज्ञाम् अपालयत्। सः सीतालक्ष्मणाभ्यां सह वने अवसत्। सः रावणम् अमारयत्। रामराज्ये सर्वे

धर्मस्य मार्गेण चलन्ति स्म। श्रीरामः आदर्शः पुत्रः आदर्शः राजा च आसीत्। तस्य राज्ये जनाः सुखिनः आसन्।

(i) एकपदेन उत्तरत– 2x1=2

(क) रामायणे कस्य कथा अस्ति ?

(ख) रामः सीतालक्ष्मणाभ्यां सह कुत्र अवसत् ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) रामराज्ये सर्वे कथं चलन्ति स्म ?

(ख) श्रीरामः काम् अपालयत् ?

3. अधोलिखित में से किसी एक विषय पर संस्कृत के सात वाक्यों में अनुच्छेद लिखिए–7

(क) दूरदर्शनम्

(ख) विद्यायाः महत्त्वम्

(ग) आदर्शग्रामः

(घ) कालिदासः

(ङ) वर्षा–ऋतुः

4. अधोलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें – 2x4=8

i. अपने प्राचार्य को एक पत्र संस्कृत में लिखें जिसमें प्रथम–प्रवेश (नामांकन) की अनुमति माँगी गई हो।

ii. अपनी बहन को एक पत्र संस्कृत में लिखें जिसमें उसे संस्कृत अध्ययन हेतु प्रेरित किया गया हो।

iii. अपने प्राचार्य को एक पत्र संस्कृत में लिखें जिसमें पुस्तकालय की समुचित व्यवस्था की माँग की गई हो।

iv. अपने मित्र को एक पत्र संस्कृत में लिखें जिसमें विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव का वर्णन किया गया हो।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं छः वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 6x1=6

i. हमदोनों विद्यालय जाकर पढ़ते हैं।

ii. रमेश कब घर जाएगा ?

iii. राम मुझे दुःख से बचाता है।

iv. गुरु आसन पर बैठते हैं।

v. विद्यालय के समीप बाजार है।

vi. मैं भी तुम्हारे साथ जाऊँगा।

vii. हमें मन से संस्कृत पढ़ना चाहिए।

viii. सदा सत्य बोलो।

ix. राजा दशरथ के चार पुत्र थे।

x. सरोवर के चारों ओर वृक्ष हैं।

xi. गंगा हिमालय से निकलती है।

xii. कर्म से सफलता मिलती है।